## कार्यालय नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर।

## पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की बिक्री की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर की पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की नीलामी की प्रक्रिया प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में प्राप्त पत्र संख्या-169/इन्फ्रा. सेल इलाहाबाद दिनांकित 10-02-2019 के आलोक में जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेश दिनांकित 10-02-2020 के अनुपालन में जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर के न्यायालय परिसर की पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की नीलामी हेतु (वर्तमान में जहाँ व जैसी स्थिति में उपलब्ध है के आधार पर) सीलबन्द टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं। जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर की पुरानी बाउन्ड्रीवॉल का मूल्यांकन रूपये 11,88,996 (ग्यारह लाख अट्ठासी हजार नौ सौ छियानबे) निर्धारित किया गया है। इच्छुक संस्था/व्यक्ति सीलबन्द टेण्डर केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर में दिनांक 18-02-2020 तक सांय 4 बजे तक प्राप्त करा सकते हैं अथवा रजिस्टर्ड डाक से भेज सकते हैं। उक्त प्राप्त टेण्डर दिनांक 19-02-2020 को समय सांय 4:30 बजे टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर के सभागार कक्ष में अपर जिला जज-पंचम/प्रभारी अधिकारी नजारत की उपस्थिति में खोले जायेगें। टेण्डर खुलने के समय टेण्डरदाताओं का व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है। विस्तृत जानकारी जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर के नजारत अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

### बिक्री की शर्तें

1. सबसे अधिक कीमत पाये जाने वाले टेण्डरदाता के नाम बिक्री करने हेतु आख्या प्रेषित की जायेगी।
2. टेण्डर स्वीकृत होने पर टेण्डरदाता को पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की कुल कीमत अन्दर तीन दिन अदा करनी होगी।
3. बिक्रीत पुरानी बाउन्ड्रीवॉल की कुल कीमत अदा करने के उपरान्त बाउन्ड्रीवॉल की समस्त ईंटों एवं लोहे के ग्रिल आदि को अन्दर 15 दिन न्यायालय परिसर से उठाना होगा।
4. निर्धारित दिनांक व समय के उपरान्त कोई टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा और न ही डाक से आये टेण्डर को प्राप्त किया जायेगा।

11/02/2020

दिनांकः 11 फरवरी-2020

प्रभारी अधिकारी, नजारत
जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1- जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
2- कलेक्ट्रेट नजारत, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
3- लोक निर्माण विभाग, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
4- नगरपालिका परिसर, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
5- कार्यालय जिला पंचायत, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
6- कार्यालय जिला विकास अधिकारी, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
7- तहसील अकबरपुर, अम्बेडकरनगर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु।
8- जिला सूचना अधिकारी, अम्बेडकरनगर को स्थानीय समाचारपत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
9- सिस्टम ऑफिसर, अम्बेडकरनगर को जनपद न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
10- मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।

11/02/2020

दिनांकः 11 फरवरी-2020

प्रभारी अधिकारी, नजारत
जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर